**91113** **120 MINUTES**

1. खडीबोली किस उपभाषा की बोली है ?
   A) पश्चिमी हिन्दी B) पूर्वी हिन्दी C) राजस्थानी D) बिहारी

2. उर्दू शब्द का अर्थ क्या है ?
   A) भाषा B) खेमा C) बोली D) अरब देश

3. आधुनिक भाषा विज्ञान के पिता किसे माना जाता है ?
   A) फर्ग्यूसन B) सास्यूर C) ब्लूफील्ड D) बाथगेर

4. इनमें भाषा वैज्ञानिक कौन हैं ?
   A) भोलानाथ तिवारी B) रामचंद्र शुक्ल
   C) रामविलास शर्मा D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

5. भाषा में वाक्योपरी स्तर की इकाई को क्या कहते हैं ?
   A) प्रोक्ति B) मिश्र वाक्य
   C) सयुंक्त वाक्य D) उप वाक्य

6. लिपि के विकास की प्रथम अवस्था की लिपि कौन सी है ?
   A) चित्र लिपि B) प्रतीक लिपि
   C) विचार लिपि D) ध्वनि लिपि

7. एक दरद भाषा को चुन लीजिए।
   A) काश्मीरी B) अर्मेनियन
   C) बाल्टिक D) प्राकृत

8. हिन्दी के एक समाचार पत्र का नाम लिखिए।
   A) जनसत्ता B) हिन्दुस्थान टाइम्स
   C) हंस D) कथन

9. हिन्दी का पत्र 'उदंत मार्तण्ड' कब प्रकाशित हुआ ?
   A) सन् 1803 B) सन् 1826
   C) सन् 1823 D) सन् 1850

10. समाचार दर्पण कहाँ से प्रकाशित हुआ ?
   A) श्रीरामपुर B) भोपाल
   C) काशी D) आग्रा

11. संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी को राज भाषा का स्थान दिया गया ?

A) 348 B) 351 C) 343 D) 344

12. किस साल में राज भाषा अधिनियम बनाया गया ?

A) 1960 B) 1963 C) 1967 D) 1965

13. पारिभाषिक शब्दों के निर्माण में किस विद्वान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ?

A) भोलानाथ तिवारी B) कैलाश चन्द्र भाटिया

C) डॉ. रघुवीर D) रवीन्द्र श्रीवास्तव

14. केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय की स्थापना कब हुई ?

A) 1958 B) 1962

C) 1963 D) 1960

15. 'Registrar' का समकक्ष हिन्दी शब्द लिखिए ।

A) कुल सचिव B) कुलपति

C) पंजीकरण कर्ता D) कुलाधिपति

16. 'प्रयुक्ति' का समकक्ष अंग्रेज़ी शब्द लिखिए ।

A) Use B) Experience

C) Practice D) Register

17. 'आज ही, भेज दें' का अंग्रेज़ी रूप लिखिए ।

A) Please Issue Today B) Please send Today

C) Send Today Itself D) Issue Today

18. 'Morpheme' केलिए प्रयुक्त हिन्दी शब्द लिखिए ।

A) ध्वनिग्राम B) अर्थग्राम

C) लिपिग्राम D) रूपग्राम

19. गाँधीजी द्वारा संस्थापित संस्था चुनिए ।

A) काशी नागरी प्रचारिणी सभा B) हिन्दीअकादमी

C) दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा D) साहित्य अकादमी

20. 'अनुशीलन' शोध पत्रिका किस संस्था की है ?

A) हिन्दी विद्यपीठ B) दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा

C) केरल विश्वविद्यालय D) कोच्ची विश्वविद्यालय

21. केरल के प्रथम हिन्दी गीतकार कौन है ?

A) स्वाति तिरुनाल B) पं. हरिहर शर्मा

C) पं. नारायण देव D) के वासुदेवन पिल्लै

22. केरल के एक हिन्दी ललित निबन्धकार का नाम लिखिए ।

A) जनार्दनन पिल्लै B) ए. चन्द्रहासन

C) गोविन्द शेनाई D) एन. ई. विश्वनाथ अय्यर

23. 'वीर दलवा वेलुत्तंपी' नाटक का रचयिता कौन है ?

A) डॉ. एन चन्द्रशेखरन नायर B) एन. रामन नायर

C) ए रामचन्द्रदेव D) पी. वी. विजयन

24. आनंद शंकर माधवन का उपन्यास कौन सा है ?

A) बूँद और विष B) सागर, लहरें और मनुष्य

C) अनामंत्रित मेहमान D) प्रसून पंथ

25. केरल से कौन केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय का निदेशक बना ?

A) धारासिंह B) ए. चन्द्रहासन

C) के. केशवन नायर D) एम. के. वेलायुधन नायर

26. 'लकडी कटी' यह कौन सा वाक्य है ?

A) कर्तृ वाच्य B) कर्म वाच्य

C) भाव वाच्य D) कोई भी वाच्य नहीं

27. 'दोनों' कौन सा विशेषण है ?

A) समूह वाचक B) क्रम वाचक

C) आवृत्ति वाचक D) परिमाण वाचक

28. सही वाक्य चुन लीजिए ।

A) राम के दो पुत्रियाँ हैं B) राम की दो पुत्रियाँ हैं

C) राम को दो पुत्रियाँ हैं D) राम केलिए दो पुत्रियाँ हैं

29. कारकीय रूप रचना की दृष्टि से हिन्दी के मुख्यतः कितने प्रकार के संज्ञा शब्द हैं ?

A) तीन B) चार C) दो D) पाँच

30. 'मित्र' शब्द का विकारी बहुवचन प्रत्यय चुन लीजिए ।

A) B) ए C) शून्य D) ओ

31. संबोधन केलिए प्रयुक्त एकवचन प्रत्यय कौन-सा है ?

A) याँ B) C) ओ D) शून्य

32. 'हाथी' का स्त्रीलिंग शब्द कौन सा प्रत्यय जोडने पर मिलता है ?

A) नी B) आ C) आनी D) इन

33. कर्म कारक का परसर्ग क्या है ?

A) ने B) को C) से D) का

34. द्विधातुक धातु को चुनिए ।

A) ला B) पढ़ C) जा D) रो

35. पूर्ण पक्ष का उदाहरण कौन सा है ?

A) रमेश जा रहा है B) सूरज पूरब से निकलता है

C) मोहन हर शाम पीता है D) रमेश लौटा

36. सहायक वृत्ति क्रिया कौन सी है ?

A) सक B) होग C) हो D) होता

37. हिन्दी में केन्द्रीय स्वर स्वनिम कितने हैं ?

A) दस B) ग्यारह C) बारह D) नौ

38. नासिक्य व्यंजन कौन सा है ?

A) क B) म C) फ D) थ

39. विदेशी उपसर्ग का उदाहरण लिखिए ।

A) दर B) दु C) नि D) पर

40. 'जलपिपासु' का समास कौन-सा है ?

A) B) तत्पुरुष C) अव्ययी भाव D) बहुव्रीहि

41. मिश्र वाक्य को पहचानिए ।

A) डॉक्टर ने मरीज को देखा

B) डॉक्टर ने मरीज को देखा और उसे दवा दी

C) डॉक्टर ने मरीज को देखा  जो पंक्ति में सबसे आगे खडा था

D) बाहर बारिश हो रही है और लोग इधर-उधर भाग रहे हैं ।

42. ‘मोहन पढ़ रहा है ।’ इस वाक्य में उद्देश्य क्या है ?

A) पढ़  B) रहा है  C) मोहन  D) है

43. ‘मैं ने पढा होगा ।’ कौन-सा भूतकाल है ?

A) सामान्य  B) सन्दिग्ध  C) आसन्न  D) पूर्ण

44. “मूत्र सिंचित मृत्तिका के वृत्त में / तीन टाँगों पर खडा,
नतग्रीव / धैर्यधन गद्हा” - किसकी पंक्तियाँ है ?

A) अज्ञेय  B) मुक्तिबोध  C) धूमिल  D) नागार्जुन

45. ‘नचिकेता’ का कवि कौन है ?

A) धर्मवीर भारती  B) नरेश मेहता
C) कुँवर नारायण  D) ज्ञानेन्द्रपति

46. “ मानव तथा प्रकृति के सूक्ष्म किंतु व्यक्त सौन्दर्य में आध्यात्मिक छाया का भान मेरे विचार में छायावाद की एक सर्वमान्य व्याख्या हो सकती है ।” - किसकी उक्ति है ?

A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल  B) डॉ. नामवर सिंह
C) आचार्य नन्ददुलारे वाजपेई  D) नगेन्द्र

47. किस रीतिकालीन कवि की परंपरा से आधुनिक हिन्दी कवि निराला को जोडते हैं ?

A) मीर  B) बोधा
C) ठाकुर  D) भूषण

48. ‘वियोगी होगा पहला कवि, आह से उपजा होगा गान’ - किसकी पंक्तियँ हैं ?

A) मैथिलीशरण गुप्त  B) दिनकर
C) सुमित्रानंदन पंत  D) प्रसाद

49. ‘नई कविता के प्रतिमान’ का रचयिता कौन है ?

A) नामवर सिंह  B) लक्ष्मीकांत वर्मा
C) अज्ञेय  D) मैनेजर पाण्डे

50. ‘नई कविता’ पत्रिका का संपादन कार्य किसने शुरू किया ?

A) जगदीश गुप्त  B) मुक्तिबोध
C) विजयदेव नारायण साही  D) शमशेर

51. आज कल किस प्रगतिवादी कवि की जन्मशती मनाई जा रही है ?

A) मुक्तिबोध  B) नागार्जुन
C) शिवमंगल सिंह सुमन  D) रांगेय राघव

52. ‘विष्णुप्रिया’ किसका प्रबन्ध काव्य है ?

A) धर्मवीर भारती B) कुंवर नारायण
C) मैथिलीशरण गुप्त D) दिनकर

53. ‘कामायनी’ के कितने सर्ग हैं ?

A) दस B) बारह
C) तेरह D) पन्द्रह

54. किस रचना में काम को ‘मंगल से मण्डित श्रेय’ माना ?

A) उर्वशी B) कामायनी
C) लोकायतन D) राम की शक्ति पूजा

55. नगेन्द्र के अनुसार ‘रामचरितमानस’ के बाद हिन्दी में रामकाव्य का दूसरा स्तंभ कौन सी कृति है ?

A) रामचन्द्रिका B) राम की शक्ति पूजा
C) साकेत D) संशय की एक रात

56. ‘कामायनी एक पुनर्विचार’ का रचयिता कौन है ?

A) मुक्तिबोध B) नगेन्द्र
C) नामवर सिंह D) नन्ददुलारे वाजपेई

57. श्रीकांत वर्मा की कविता को चुन लीजिए ।

A) अकाल में सारस B) मगध
C) लोग भूल गए हैं D) काठ की घंटियाँ

58. “यह जनतंत्र / जिसकी रोज़ सैकडों बार हत्या होती है /
और हर बार / वह भेडियों की जुबान पर ज़िन्दा है ।” - किसकी पंक्तियाँ हैं ?

A) रघुवीर सहाय B) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
C) धूमिल D) अज्ञेय

59. ‘अबूतर-कबूतर’ काव्य संग्रह का रचनाकार कौन है ?

A) राजेश जोशी B) उदय प्रकाश
C) असद जैदी D) मंगलेश डबराल

60. अशोक वाजपेई की कविता चुन लीजिए ।

A) बहुरी अकेला B) गंगातट
C) विस्मृत आवाज़ D) सुनो कारीगर

61. कौन कवि 'जादुई यथार्थवाद' से प्रभावित है ?

A) विनोद कुमार शुक्ल B) मंगलेश डबराल
C) चन्द्रकांत देवताले D) कुमार विकल

62. एक समकालीन कवयित्रि को पहचानिए ।

A) चित्रा मुदगल B) मृदुला गर्ग
C) चन्द्रकांता D) अनामिका

63. 'निशा-निमंत्रण' का कवि कौन है ?

A) हरिवंश राय बच्चन B) दिनकर
C) नवीन D) शमशेर

64. प्रेमचन्द ने खुद अपने किस उपन्यास को 'हिन्दी का बहतरीन नोवेल' कहा था ?

A) गोदान B) सेवासदन
C) रंगभूमि D) निर्मला

65. शंकर शेष का नाटक चुनकर लिखिए ।

A) एक और अजनबी B) पोस्टर
C) मरजीवा D) माधवी

66. हाल ही में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त कहानी का नाम लिखिए ।

A) परिन्दे B) मोहनदास
C) पॉल गोमरा का स्कूटर D) लिटरेचर

67. व्यास सम्मान प्राप्त प्रथम महिला उपन्यासकार ?

A) मृदुला गर्ग B) चित्रा मुदगल
C) कृष्णा सोबती D) अलका सरावगी

68. कृषक जीवन पर केन्द्रित एक समकालीन उपन्यास का नाम लिखिए ।

A) हलफनामे B) एक ब्रेक के बाद
C) काशी का अस्सी D) लाल पीली ज़मीन

69. मोहन राकेश के अधूरे नाटक को पहचानिए ।

A) पैर तले की ज़मीन B) आधे अधूरे
C) लहरों के राजहंस D) आषाढ़ का एक दिन

70. करनटों के जीवन पर आधारित उपन्यास का नाम लिखिए ।

A) जंगल जहां शुरू होता है B) अल्मा कबूतरी
C) रेत D) कब तक पुकारूँ

71. मूल रूप से हिन्दी में लिखित प्रेमचन्द का प्रथम उपन्यास कौन सा है ?

A) कायाकल्प B) सेवासदन

C) प्रेमाश्रम D) निर्मला

72. 'एकदा नैमिषारण्य' नामक उपन्यास का रचयिता कौन है ?

A) अमृतलाल नागर B) कमलेश्वर

C) कृष्णा सोबती D) चन्द्रकांता

73. विस्थापन पर केन्द्रित उपन्यास को चुनकर लिखिए ।

A) कठगुलाब B) समय सर्गम

C) डूब D) मुझे चाँद चाहिए

74. 'योर्स फेथफुली' किसके द्वारा रचित नाटक है ?

A) मुद्रा राक्षस B) असग़र वजाहत

C) दूधनाथ सिंह D) शंकरशेष

75. 'ग्यारह वर्ष का समय' किसके द्वारा रचित कहानी है ?

A) प्रसाद B) प्रेमचन्द

C) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी D) रामचन्द्र शुक्ल

76. बच्चन सिंह के अनुसार हिन्दी का प्रथम ऐतिहासिक उपन्यास कौन-सा है ?

A) विराटा की पद्मिनी B) गढ़ कुंडार

C) बाणभट्ट की आत्मकथा D) भाग्यवति

77. प्रेमचन्द के किस उपन्यास का नायक है 'सूरदास' ?

A) रंगभूमि B) प्रेमाश्रम

C) सेवासदन D) कायाकल्प

78. "मैं मज़दूर हूँ, मज़दूरी किए बिना मुझे भोजन करने का कोई अधिकार नहीं ।" - यह किस महान रचनाकार का कथन है ?

A) प्रेमचन्द B) यशपाल

C) नागार्जुन D) भारतेन्दु

79. प्रसाद जी द्वारा लिखित कामायनी का प्रास्ताविक नाटक कौन-सा है ?

A) एक घूँट B) कामना

C) ध्रुवस्वामिनी D) चन्द्रगुप्त

80. ‘अनघ’ नाटक का रचयिता कौन है ?

A) सुमित्रानंदन पंत B) मैथिलीशरण गुप्त

C) प्रसाद D) प्रेमचन्द

81. ‘समांतर कहानी’ का प्रवक्ता कौन है ?

A) मोहन राकेश B) निर्मल वर्मा

C) कमलेश्वर D) राजेन्द्र यादव

82. नामवर सिंह के अनुसार हिन्दी की पहली नई कहानी कौन-सी है ?

A) परिन्दे B) कफ़न

C) आर्द्रा D) दोपहर का भोजन

83. प्रेमचन्द की कहानियों को किस नाम से संग्रहीत किया गया है ?

A) मेरी प्रिय कहानियाँ B) प्रेमचन्द की कहानियाँ

C) मानसरोवर D) पूस की रात

84. ‘वैशाली की नगरवधु’ किसका उपन्यास है ?

A) चतुरसेन शास्त्री B) राहुल सांकृत्यायन

C) यशपाल D) रांगेय राघव

85. एक महिला नाटककार को चुनकर लिखिए।

A) चित्रा मुद्गल B) कुसुम कुमार

C) अनामिका D) अलका सरावगी

86. ‘पर्दा उठाओ पर्दा गिराओ’ किसका एकांकी है ?

A) भुवनेश्वर B) रामकुमार वर्मा

C) उपेन्द्रनाथ अश्क D) उदयशंकर भट्ट

87. मोहन राकेश के एकांकी को पहचानिए।

A) अंडे के छिल्के B) इनसान

C) अमर कैद D) नदी प्यासी थी

88. “मेरी स्थापना यह है कि एकांकी नाटक की कोई निश्चित और निजी टेकनीक न तो अभी तक बन पाई है और न बन सकती है।”- एकांकी संबंधी यह उक्ति किसकी है ?

A) जैनेन्द्र B) चन्द्रगुप्त विद्यालंकार

C) रामकुमार वर्मा D) प्रेमचन्द

89. ‘कोणार्क’ नाटक का नायक कौन है ?

A) विशु B) ययाति

C) विश्वामित्र D) गालव

90. समकालीन उपभोग संस्कृति पर केन्द्रित एक कहानी का नाम लिखिए।

A) कहाँ जाओगे बाबा B) शून्य

C) मोहनदास D) रिश्ता

91. सांप्रदायिकता विरोधी एक उपन्यास का नाम लिखिए।

A) सूखा बर्गद B) मिलजुल मन

C) छिन्नमस्ता D) शेष कादंबरी

92. कथा साहित्य पर केन्द्रित एक पत्रिका को चुन लीजिए।

A) आलोचना B) वागर्थ

C) वसुधा D) हंस

93. ‘सिक्का बदल गया’ किसके द्वारा रचित कहानी है ?

A) गोविन्द मिश्र B) राजेन्द्र यादव

C) कृष्णा सोबती D) मोहन राकेश

94. आदिवासी जीवन पर आधारित एक उपन्यास को पहचानिए।

A) जंगल जहाँ शुरू होता है B) इदन्नमम्

C) एक ज़मीन अपनी D) चित्तकोबरा

95. भारतेन्दु द्वारा रचित ग्रंथ चुनकर लिखिए।

A) मानव धर्मसार B) कालचक्र

C) चन्द्रोदय D) सन्यासी

96. दलित स्त्री-आत्मकथा को चुनकर लिखिए।

A) दोहरा अभिशाप B) अन्या से अनन्या

C) गुडिया भीतर गुडिया D) क्या भूलूँ क्या याद करूँ

97. ‘कुटज’ किसके द्वारा रचित निबंध है ?

A) रामचन्द्र शुक्ल B) नगेन्द्र

C) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी D) रामविलास शर्मा

98. ‘शिवशंभू का चिट्ठा’ का रचनाकार कौन है ?

A) बालमुकुन्द गुप्त B) बालकृष्ण भट्ट

C) राधाचरण गोस्वामी D) भरतेन्दु

99. बंगला उपन्यासकार शरत्चन्द्र की हिन्दी में लिखित जीवनी का नाम लिखिए ।

A) कलम का सिपाही B) आवारा मसीहा

C) एक कहानी यह भी D) कस्तूरी कुण्डली बसै

100. 'न्यू क्रिटिसिज़म' पुस्तक के रचयिता कौन हैं ?

A) क्रोचे B) जॉन क्रो रैंसम

C) टी. एस. इलियट D) वेड्सवर्थ

101. 'संप्रेषणीयता का सिद्धांत' के आचार्य कौन हैं ?

A) ऐ. ए. रिचार्डस B) अरस्तु C) मैथ्यू अर्नल्ड D) सिड्नी

102. 'अनुमितिवाद' के आचार्य कौन हैं ?

A) अभिनव गुप्त B) शंकुक C) दंडी D) भामह

103. 'नाट्यशास्त्र' का रचनाकाल ?

A) बी. सी. प्रथम शताब्दी B) ईसवीं प्रथम शताब्दी

C) ईसवीं पाँचवीं शताब्दी D) बी. सी. तीसरी शती

104. किस मुस्लिम साहित्यकार ने सबसे पहले भारतीय भाषा में रचना की ?

A) अमीर खुसरो B) अब्दुल रहमान C) जायसी D) रहीम

105. किस भक्त कवि के पद आदिग्रंथ में संग्रहीत है ?

A) दादू B) रैदास C) मीरा D) नानक

106. किस इतिहासकार ने रीतिकाव्य-परंपरा चिंतामणि से मानी ?

A) रामकुमार वर्मा B) रामचन्द्र शुक्ल

C) नगेन्द्र D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

107. हज़ारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा लिखित इतिहास ग्रंथ चुन लीजिए ।

A) हिन्दी साहित्य की भूमिका B) हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास

C) हिन्दी साहित्य का इतिहास D) हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास

108. राहुल सांकृत्यायन के अनुसार हिन्दी का प्रथम कवि कौन है ?

A) चन्दबरदाई B) पुष्पदंत C) सरहपाद D) गोरखनाथ

109. 'केरल ज्योति' किस संस्था से निकालनेवाली पत्रिका है ?

A) केरल हिन्दी प्रचार सभा B) हिन्दी विद्यापीठ

C) दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा D) हिन्दी साहित्य अकादमी

110. 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से होता था ?

A) दिल्ली B) इलाहाबाद C) काशी D) भोपाल

111. एक मार्क्सवादी आलोचक को चुन लीजिए ।

A) कॉडवेल B) फ्रॉयड C) काफ्के D) युंग

112. अस्तित्ववाद के पिता के रूप में किसे मानते हैं ?

A) नीत्से B) कामू C) कीर्केगार्ड D) सात्र

113. 'रस मीमाँसा' हिन्दी के किस आलोचक का ग्रंथ है ?

A) नगेन्द्र B) नंददुलारे वाजपेई
C) रामचन्द्र शुक्ल D) रामविलास शर्मा

114. नामवर सिंह की रचना को चुन लीजिए ।

A) आत्मनेपद B) एक साहित्यिक की डायरी
C) वाद-विवाद-संवाद D) नई कविता और अस्तित्ववाद

115. 'आस्था के चरण' किसकी रचना है ?

A) प्रभकर माचवे B) नंदकिशोर नवल C) मिश्रबंधु D) नगेन्द्र

116. "दोषरहित, गुणसहित और यथासंभव अलंकारयुक्त शब्द तथा अर्थ को काव्य कहते हैं ।" - यह किसकी उक्ति है ?

A) दंडी B) भामह C) मम्मट D) कुंतक

117. मुक्तक रचना को चुन लीजिए ।

A) बिहारी सतसई B) रामचरितमानस
C) पद्मावत D) रामचन्द्रिका

118. 'मुखचन्द्र' - कौन सा अलंकार है ?

A) उपमा B) उत्प्रेक्षा C) रूपक D) यमक

119. 'रीतिरात्मा काव्यस्यः' - किसकी उक्ति है ?

A) वामन B) कुंतक C) आनंदवर्धन D) जगन्नाथ

120 हिन्दी के एक समकालीन अलोचक का नाम लिखिए ।

A) कृष्णदत्त पालीवाल B) प्रयाग शुक्ल
C) राजेश जोशी D) कुमार विकल